पाठ्यक्रम कोड: एमडब्ल्यूजी 011

पाठ्यक्रम शीर्षक: अर्थव्यवस्था में महिलाएँ

सत्रीय कार्य सं.: एमडब्ल्यूजी 011/एएसटी/टीएमए–2021

अधिकतम अंक: 100

नोट:

1. **जनवरी एवं जुलाई 2021 चक्रों हेतु वैध**
2. प्रश्न सं. 1 के उत्तर हेतु शब्द–सीमा 1000 शब्द है। जबकि प्रश्न सं. 2 हेतु शब्द–सीमा 500–600 शब्द है। कृपया शब्द सीमा का पालन करें और आपका उत्तर निरंतर एक ही बात को दोहराने या अनावश्यक ब्यौरा दिए बिना पूर्णतया सटीक होना चाहिए।

**सत्रीय कार्य संबंधी जरूरी निर्देश:** कृपया सभी उत्तर अपने शब्दों में ही लिखें। यदि आप कोई उदाहरण देते हैं तो स्त्रोत या संदर्भ का उल्लेख अवश्य करें, और किसी दूसरे के काम की नकल वाले या प्रत्यक्ष रूप से पाठ्यक्रम पुस्तकों या अन्य किसी बाहय स्त्रोत से नकल उतारे सत्रीय कार्य स्वीकृत नहीं होंगे।

**प्रश्न सं. 1:** निम्नलिखित में से कोई एक कीजिए। (60 अंक)

लेख पढ़िए

"महिलाएँ और कामकाज: मौजूदा एवं भावी" (http://www.the balancecareers.com//women-and-work-1919356)

(i) खंड 1 की इकाइयाँ 1,2 और 3 और खंड 3 की इकाइयाँ 1,2,3 और 4 और उक्त लेख में प्रस्तुत जानकारी के आधार पर उन कारकों की चर्चा कीजिए जो महिलाओं के रोजगार में आगे बढ़ने के मार्ग को अवरूद्ध करते हैं।

(ii) जरूरी सुझाव/केस अध्ययनों का उल्लेख करते हुए बताइए कि महिलाएँ अपने सम्मुख आने वाली चुनौतियों का सामना करने के योग्य कैसे हैं?

अथवा

**''भारत में महिला कामगारों पर कोविड–19 महामारी के जेंडर निहितार्थ''**– विषय पर एक निबंध लिखिए। (आप अपने तर्कों की प्रस्तुति, अपनी अध्ययन सामग्री के खंड 1 और 6 की इकाइयों पर आपकी समझ और साथ ही, सूचना प्राप्ति के विविध अन्य मुक्त स्त्रोतों को ध्यान में रखते हुए भी, कर सकते हैं)।

अथवा

यू आर एल : http://labour.gov.in/hi/womenlabour/about-women-labour महिला श्रम (हिंदी में) के संबंध में प्रदत्त जानकारी को पढ़ें।

**महिला कामगारों की स्थिति, राज्य एवं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा अनेकों उपाए लागू करने के बावजूद अभी भी इतनी संवेदनशील क्यों है?**– विषय पर एक निबंध लिखिए।

(आपको खंड 1,3 और 6 की विविध इकाइयों में प्रदत्त जानकारी के आधार पर अपने तर्कों की प्रस्तुति करनी है। आप साथ ही, अपने उत्तर में ज्ञान के आधार पर भी आवश्यक जानकारी की प्रस्तुति कर सकते हैं, लेकिन आपकी जानकारी शैक्षणिक विद्वत्ता से परिपूर्ण अवश्य होनी चाहिए)

**प्रश्न सं. 2** निम्नलिखित लघु उत्तर प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए। (20X2=40 **अंक**)

i. क्या वैश्वीकरण से महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण हुआ है? दत्त (paid) श्रम में महिला सहभागिता के पक्ष/विपक्ष को ध्यान में रखते हुए चर्चा कीजिए।
ii. सामाजिक सुरक्षा से क्या आशय है? खासतौर पर कोविड–19 महामारी जैसी आकस्मिक स्थितियों के चलते महिलाओं के लिए इसकी प्रासंगिकता क्या है?
iii. विशेष रूप से कोविड–19 महामारी जैसी स्थितियों के बाद राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में महिला कामगारों के प्रवसन संबंधी 'पुश' एवं 'पुल' कारकों का वर्णन कीजिए।